हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, रविवार, 14 जून 2026

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 22.2 डिग्री

4

भारत विश्व मंच पर नई पहचान के साथ आगे बढ़ रहाः राठिया



# रेल नेटवर्क से जुड़ेगा जशपुरः धरमजयगढ़-पत्थलगांव-लोहरदगा रेल लाइन बनेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



■ मोदी सरकार का बड़ा फैसला, मुख्यमंत्री के सतत प्रयास को मिली सफलता

जशपुर और सरगुजा अंचल की दशकों पुरानी मांग आखिरकार निर्णायक चरण में पहुंच गई है। केंद्र सरकार ने धरमजयगढ़–पत्थलगांव–लोहरदगा नई रेल लाइन परियोजना को भारत के राजपत्र में अधिसूचित कर दिया है। इस ऐतिहासिक निर्णय के साथ ही यह परियोजना अब सरकारी संकल्प का हिस्सा बन गई है और इसके क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

रेल मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के बाद क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। इस रेल परियोजना को जशपुर, सरगुजा और झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों की आर्थिक, सामाजिक एवं औद्योगिक प्रगति का आधार माना जा रहा है। परियोजना पूरी होने पर लाखों लोगों को बेहतर आवागमन, व्यापार, रोजगार और शिक्षा के अवसर प्राप्त होंगे। भाजपा नेताओं ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के विकास का नया अध्याय बताया है। भाजपा नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि राजपत्र अधिसूचना जारी होने के बाद भूमि अधिग्रहण एवं निर्माण प्रक्रिया में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि जिस दिन इस रेल लाइन पर पहली ट्रेन दौड़ेगी, उस दिन जशपुर, सरगुजा और आसपास का पूरा क्षेत्र विकास, रोजगार, पर्यटन और औद्योगिक प्रगति के नए युग में प्रवेश करेगा। रेल की पटरियां केवल शहरों को नहीं जोड़तीं, बल्कि सपनों, संभावनाओं और समृद्धि को भी जोड़ती हैं। धरमजयगढ़–पत्थलगांव–लोहरदगा रेल लाइन उसी नए भविष्य की आधारशिला बनने जा रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष भरत सिंह ने कहा कि धरमजयगढ़–पत्थलगांव–लोहरदगा रेल लाइन की राजपत्र अधिसूचना डबल इंजन सरकार की विकास के प्रति प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय जशपुर जिले के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ने कहा कि रेल परियोजना के शुरू होने से ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। किसानों की उपज बड़े बाजारों तक पहुंचेगी, वहीं युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे।

## मोदी सरकार ने जनभावनाओं को दिया सम्मानः राठिया



लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि दशकों से लंबित मांग को पूरा कर केंद्र सरकार ने जनभावनाओं का सम्मान किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में रेलवे के विस्तार और आधुनिकीकरण का कार्य तेजी से हो रहा है। यह रेल लाइन आदिवासी अंचलों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मिली बड़ी सौगातः साय



पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने कहा कि धरमजयगढ़–पत्थलगांव–लोहरदगा रेल लाइन का राजपत्रित होना जशपुर अंचल के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस परियोजना को लेकर लगातार गंभीर प्रयास किए और केंद्र सरकार के समक्ष क्षेत्र की जरूरतों को मजबूती से रखा।

## भविष्य की जीवनरेखा है यह परियोजनाः भगत



जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने कहा कि यह परियोजना केवल रेल संपर्क का माध्यम नहीं, बल्कि जशपुर के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयासों से क्षेत्र को यह बड़ी सौगात मिली है, जिसका लाभ आने वाली पीढ़ियों को मिलेगा।

## संकल्प से सिद्धि तक पहुंची परियोजनाः राय



भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने कहा कि जशपुर और सरगुजा क्षेत्र के लोगों का वर्षों पुराना सपना अब साकार होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व में रेलवे क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। इस परियोजना से पूरे क्षेत्र के आर्थिक विकास को नई दिशा मिलेगी।

## आदिवासी अंचल के विकास का स्वर्णिम अध्यायः जूदेव



पूर्व राज्यसभा सांसद रणविजय सिंह जूदेव ने कहा कि यह निर्णय आदिवासी बहुल क्षेत्रों को राष्ट्रीय विकास की मुख्यधारा से जोड़ने वाला ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह रेल लाइन क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर दोनों बदलने का कार्य करेगी।

## खबर संक्षेप

### दो साल में स्कूल भवन जर्जर डीईओ ने जारी किया नोटिस

**अंबिकापुर।** बतौली में दस लाख रूपए की लागत से निर्मित स्कूल भवन के जर्जर होने और लापरवाही की सूचना को जिला शिक्षा अधिकारी ने गंभीरता से लिया है। डीईओ ने मामले में जनपद सीईओ, पूर्व सरपंच और स्कूल के प्राचार्य को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। बताया जा रहा है कि शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बतौली में मरम्मत कार्य के लिए 10 लाख रूपए की स्वीकृति जारी की गई थी। इस राशि से वर्ष 2021-22 में मरम्मत का कार्य कराया गया था। उक्त राशि से भवन में छत का कार्य, दरवाजे खिड़की का कार्य, फर्स का कार्य एवं अन्य दीर्घ मरम्मत कार्य किए गए थे। निर्माण कार्य के बाद पूर्णता प्रमाण पत्र 13 सितम्बर 2023 को जारी किया गया था लेकिन बारिश शुरू होने के साथ ही लाखों रूपए के निर्माण कार्यों के गुणवत्ता की पोल खुल गई। बरसात के दिनों में छत से पानी टपकता है इसके साथ ही भवन में अन्य मरम्मत कार्य भी गुणवताहीन है। महज दो वर्ष आठ माह में ही भवन के जर्जर होने पर निर्माण में बड़े पैमाने पर गडबडी की बात सामने आई। इस संबंध में स्कूल के शिक्षकों के जिला शिक्षा अधिकारी को शिकायत की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीईओ दिनेश झा ने बतौली जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एनएल सिदार, ग्राम पंचायत सिल्मा के पूर्व सरपंच संजय कुमार और स्कूल की प्राचार्य श्रीमती प्रसन्ना केरकेट्टा को कारण बताओ नोटिस जैर किया है। डीईओ श्री झा ने बताया कि शिकायत के बाद सभी को नोटिस जारी कर दो दिनों में जवाब मांगा गया है। जवाब के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### वाहन की टक्कर से गंभीर बाइक सवार की गई जान

**अम्बिकापुर।** मेहमानी कर घर आ रहे बाइक सवार को वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार पत्थलगांव अंतर्गत ग्राम केराकछार निवासी मानू राम राउत आ. भोटू (45 वर्ष) गत दिन मेहमानी करने बाइक से ग्राम सोनपुर कापू गया था। शाम को अकेले बाइक से वापस घर आने लगा तभी रास्ते में विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को पत्थलगांव अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग \कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### मवेशी तस्करी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**राजपुर।** पुलिस ने पशुओं के अवैध परिवहन और उनके साथ क्रूरता करने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान कुल 12 मवेशियों को बरामद किया है, जिन्हें अमानवीय तरीके से परिवहन किया जा रहा था। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है, जबकि मामले में शामिल अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के मुताबिक बीती रात गश्त के दौरान को सूचना मिला कि ग्राम गोपालपुर क्षेत्र से एक पिकअप में मवेशियों को भरकर उत्तर प्रदेश की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना पुलिस पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और संदिग्ध वाहन की घेराबंदी कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने पिकअप क्रमांक यूपी 65 क्यूटी 1375 को रोककर तलाशी ली। वाहन के भीतर मवेशियों को ठूंस-ठूंसकर बांधा गया था। पूछताछ में वाहन चालक उत्तर प्रदेश के बबुरी अंतर्गत ग्राम डवरी कला निवासी अशोक गिरी आ. सुरेश गिरी (50 वर्ष) ने पूछताछ के दौरान पशुओं को उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर ले जाने की बात बताई।

## नए कानूनों की बारीकियां सीखेंगे विवेचक

# अब सिर्फ सजा नहीं, पीड़ित को त्वरित न्याय भी लक्ष्यः एसएसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ जशपुर में दिनभर चला मंथन

देश में लागू नए आपराधिक कानूनों को जमीन पर प्रभावी ढंग से लागू करने और पुलिस विवेचना को अधिक वैज्ञानिक व तकनीक आधारित बनाने के लिए शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में न्यायपालिका, पुलिस, अभियोजन और फॉरेंसिक विभाग के अधिकारी एक मंच पर आए और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) के प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यशाला में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्येंद्र कुमार साहू, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश बलराम देवांगन, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुमन सिंह, डीआईजी एवं एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह सहित जिले के सभी थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी, विवेचक, अभियोजन अधिकारी और फॉरेंसिक विशेषज्ञ मौजूद रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए डीआईजी एवं एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने कहा कि नए ⏭ शेष पेज 4 पर





### मोबाइल, सीसीटीवी और सोशल मीडिया बन रहे अहम साक्ष्य

जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्येंद्र कुमार साहू ने कहा कि किसी भी आपराधिक मामले में एफआईआर का सही और समय पर दर्ज होना न्यायिक प्रक्रिया की पहली और सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में मोबाइल फोन, सीसीटीवी फुटेज, सोशल मीडिया, ई-मेल, कॉल डिटेल रिकॉर्ड और लोकेशन डेटा जैसे डिजिटल साक्ष्य कई मामलों में निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने विवेचकों को सलाह दी कि इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का संग्रहण और संरक्षण पूरी कानूनी प्रक्रिया के तहत किया जाए, ताकि न्यायालय में उनकी प्रमाणिकता पर सवाल न उठे।

### बेहतर समन्वय से मिलेगा त्वरित न्याय

कार्यशाला में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि न्यायपालिका, पुलिस, अभियोजन और फॉरेंसिक विभाग के बीच बेहतर समन्वय से ही नए आपराधिक कानूनों का उद्देश्य पूरा हो सकेगा। वैज्ञानिक विवेचना और तकनीकी साक्ष्यों के प्रभावी उपयोग से अपराधियों को सजा और पीड़ितों को समयबद्ध न्याय सुनिश्चित किया जा सकेगा। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। दिनभर चली इस कार्यशाला में नए कानूनों की व्यावहारिक चुनौतियों और उनके समाधान पर भी व्यापक चर्चा हुई।

### क्राइम सीन सुरक्षित नहीं तो कमजोर पड़ सकता है केस

कार्यशाला में फॉरेंसिक जांच और क्राइम सीन प्रोटेक्शन के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा हुई। न्यायाधीश साहू ने कहा कि घटनास्थल पर साक्ष्यों को सुरक्षित रखना और उन्हें दूषित होने से बचाना सफल अभियोजन की बुनियाद है। अनुसंधान में छोटी सी लापरवाही भी पूरे मामले को कमजोर कर सकती है। एफआईआर से चार्जशीट तक हर कदम पर सतर्कता जरूरी।अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश बलराम देवांगन ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण विवेचना की शुरुआत तथ्यपरक एफआईआर से होती है। उन्होंने डिजिटल साक्ष्यों, मेडिकल रिपोर्ट, एफएसएल रिपोर्ट और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के समन्वित विश्लेषण पर जोर देते हुए कहा कि मजबूत साक्ष्य ही न्यायालय में अभियोजन को मजबूती देते हैं।

### रोज अपडेट हो केस डायरी, रिपोर्ट रहे स्पष्ट

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुमन सिंह ने विवेचकों को निर्देशित किया कि केस डायरी का संधारण प्रतिदिन किया जाए और हर कार्रवाई का समयबद्ध उल्लेख हो। उन्होंने कहा कि अस्पष्ट या अधूरी विवेचना रिपोर्ट न्यायालयीन प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती है, इसलिए अनुसंधान प्रतिवेदन स्पष्ट, सटीक और क्रमबद्ध होना चाहिए।



# रेत डंप कर रहे तस्कर, ऑफ सीजन के बेचेंगे मनमानी कीमत पर

■ सरकार को लगा रहे लाखों का चूना

**महादेवदंड।** जिले के बगीचा विकासखंड के गुडलू ग्रामपंचायत से बहने वाली बोडा पहरी एवं बंबा नदी से अवैध रेत उत्खनन का काम जोरो पर चल रहा है।मुख्यमंत्री की निर्देश के बाद भी खनिज संपदा का अवैध दोहन लगातार जारी है।अवैध दोहन से शासन को लाखों का चूना लगाया जा रहा है।

गर्मी का मौसम होने के कारण क्षेत्र की नदियों में पानी लगभग न के बराबर होता है,जिसका फायदारेट तस्कर आसानी से उठा रहे है।नदी से रोजाना सैकड़ों ट्रैक्टर रेत का अवैध उत्खनन कर रेत माफिया शासन को लाखों का चुना लगा रहे है। ग्रामपंचायत गुडलू के सरपंच ने बताया किया घर बनाने वाले तो बोडा पहरी एवं बंबा नदी से रेत ले जाते ही है अब तो नदी के ऊपर डंपिंग यार्ड बना कर रेत को डंप करने का खेल भी शुरू हो गया है।रोजाना सैकड़ों ट्रैक्टर के रेट उत्खनन से नदीपर बना करोड़ो का पुल खतरे में आ सकता है अगर पुल क्षतिग्रस्त हुआ तो दर्जनों गांवों का संपर्क मुख्यधारा टूट जाएगा। ग्राम पंचायत गुडलू के सरपंच का कहना है कि हमने अनुविभागीय अधिकारी बगीचा को टेलीफोनिकली इसकी सूचना दी है एवं पुलिस के 112 को भी डायल करके इसकी जानकारी दी थी लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। असीमित मात्रा में रेत के निकलने से नदी पर बने पुल को खतरा हो सकता है साथ ही नदी के सूखने की संभावन एवं पानी।के स्तर को और नीचे जाने की संभव बनी रहती है।

# सोगड़ा में मनाया गया विश्व बाल श्रम निषेध

**जशपुरनगर।** जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए काम कर रहे संगठन समर्पित एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन ने विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के मौके पर पुलिस व प्रशासन के सहयोग से .14 बच्चों को बाल मजदूरी से मुक्त कराया। यह कार्रवाई राज्य सरकार के विभिन्न विभागों और एजेंसियों की ओर से जून को बाल मजदूरी के खिलाफ कार्रवाई माह या 'एक्शन मंथ' के रूप में मनाने के बाबत जारी अधिसूचना व निर्देशों के तहत की गई।





इन निर्देशों में बाल मजदूरी की शिकायत वाले इलाकों में छानबीन करने व बच्चों को मुक्त कराने के लिए साझा अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे। समर्पित एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन ने जिले में बाल मजदूरी के खिलाफ जनजागरूकता अभियान भी चलाए जिसमें विभिन्न सरकारी विभागों और कानून लागू करने वाली एजेंसियों के अफसरों, सामुदायिक नेताओं और ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। समर्पित एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए 250 से भी अधिक नागरिक सामाजिक संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) का सहयोगी संगठन है। मुक्त कराए गए बच्चों की उम्र 10 से 12 के बीच है और ये कई वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में पिछले कुछ महीने से काम कर रहे थे। शुरुआती जांच से पता चला है कि इनसे बेहद अमानवीय और शोषणकारी स्थितियों में काम लिया जा रहा था। स्वास्थ्य के लिए खतरनाक स्थितियों में मामूली पैसे पर इन्हें दिन रात खटाया जा रहा था जिससे इनकी सेहत व मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा था। बच्चों को मुक्त कराने के बाद जिम्मेदार तत्वों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है और पीड़ित बच्चों को पुनर्वास, मुआवजा व अन्य सुविधाएं दिलाने की प्रक्रिया जारी है जिसके वे अधिकारी हैं। अभियान को सफल बनाने में जशपुर के ग्राम पंचायत सौगड़ा की सरपंच-बांधो बाई (जिला समन्वयक) अंजली ताम्रकार, बबीता ताम्रकार, व अन्य साथियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# शिक्षिका संतोषी व रेणु को महर्षि विश्वामित्र गुरु सम्मान

**जशपुरनगर।** हिमाचल प्रदेश के प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण सोलन की धरा पर आयोजित 'राष्ट्रीय सेमिनार सह महर्षि विश्वामित्र गुरु सम्मान 2026' में छत्तीसगढ़ के शिक्षकों ने अपनी अनूठी छाप छोड़ी है। ॽशिक्षा, पर्यावरण, संस्कृति व संस्कारॽ विषय पर आधारित इस भव्य राष्ट्रीय समागम में देश के 8 राज्यों (छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर) के उत्कृष्ट व नवाचारी शिक्षकों का मेला जुटा।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की 'प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा' संस्था से 26 सदस्यीय टीम पूरे जोश और खरोश के साथ सोलन पहुंची थी। संस्थापक मनोज मिश्रा का प्रेरक संदेश यह अवार्ड नहीं, गुरुओं का सम्मान है। छत्तीसगढ़ टीम की इस सफलता और एकजुटता के पीछे टीम प्रभारी लखन लाल साहू जी का कुशल एवं संवेदनशील नेतृत्व रहा। इसी मंच पर छत्तीसगढ़ का मान तब और बढ़ गया जब शिक्षिका संतोषी डनसेना और रेणु प्रधान को उनके क्षेत्र में किए गए विशिष्ट कार्यों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। संतोषी डनसेना को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य और उनके द्वारा किए गए नवाचार व निरंतर प्रयासों के लिए 'महर्षि विश्वामित्र गुरु सम्मान' से नवाजा गया। उसी प्रकार रेणु प्रधान को भी पर्यावरण के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए नवाजा गया।



## विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से रूबरू हुए

# आईजी ने दिए प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों को टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ बेहतर कार्य एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण संबंधी दिए दिशा-निर्देश

पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ नवा रायपुर के आदेशानुसार सरगुजा रेंज अंतर्गत जिला सरगुजा को 14, सूरजपुर को 15, बलरामपुर को 16 जशपुर को 13 एमसीबी को 12 एवं जिला कोरिया को 8 मिले नए प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों से पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक सामान्य बैठक/विडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से रूबरू होते हुए थाना/मैदानी क्षेत्रों में बेहतर कार्य एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण संबंधी सभी नए प्रशिक्षु उप निरीक्षकों को विभागीय आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिस दौरान उमनि/वरि.पुलिस अधीक्षक सरगुजा राजेश अग्रवाल, सीएसपी अंबिकापुर राहुल बंसल, रक्षित निरीक्षक सरगुजा तृप्ति सिंह राजपूत उपस्थित रहें एवं अन्य जिलों के पुलिस अधीक्षक जिला इकाई स्तर पर विडियों कांन्फ्रेंस के माध्यम से प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों के साथ जुड़े रहे।



रेंज के जिलों में आए सभी नए प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों से पुलिस महानिरीक्षक द्वारा उनके व्यवहारिक परिचय के साथ-साथ उनके योग्यताओं के बारे में रूबरू हुए। सामान्य परिचय उपरांत उन्होने सभी प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों को विभाग के कार्यप्रणाली एवं व्यावहारिक पहलुओं के बारे में बताते हुए थानों के मैदानी क्षेत्रों में अपने से वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में कार्यकरने संबंधी टिप्स दिए। प्रशिक्षण के दौरान कानून व्यवस्था, अपराध विवेचना, सायबर फ्रांड संबंधी कार्य की जानकारी, सीसीटीएनएस कार्य का ज्ञान, बीट पुलिसिंग, संत्री ड्यूटी, न्यायालयीन कार्यवाही, मुलजिम पेशी, कोर्ट मोहर्रिर, समंस वारंट, गुम इंसान के प्रकरणों, मर्ग महिला एवं बाल अपराध संबंधी के साथ-साथ पुलिस के कार्यो का बारिकी से अध्ययन करना एवं जनता के प्रति संवेदनशील व्यवहार, पीडितों से सालीनतापूर्वक व्यवहार महिला/बालक संबंधी मामलों में विशेष सर्तकता, मानवाधिकारों का सम्मान एवं पुलिस की सकारात्मक छवि ⏭ शेष पेज 4 पर

# आत्मानंद स्कूल में चला स्वच्छता अभियान





**जशपुरनगर।** नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ होने से पहले स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय नारायणपुर में शनिवार को व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। जनपद सीईओ कुनकुरी के निर्देश एवं विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती ए. तिग्गा के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में विद्यालय परिसर, छात्रावास, खेल मैदान और आसपास के क्षेत्रों की विशेष साफ-सफाई की गई। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं प्रेरणादायक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना रहा। जनपद पंचायत कुनकुरी के निर्देशानुसार आयोजित ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### सरगुजा में एम्स अस्पताल और अंबिकापुर-बरवाडीह रेल लाइन की फिर उठी मांग

**बिश्रामपुर।** सरगुजा संभाग में स्वास्थ्य और रेल सुविधाओं के विस्तार को लेकर एक बार फिर आवाज बुलंद हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम भेजे गए एक ज्ञापन में सरगुजा में एम्स अस्पताल की स्थापना तथा अंबिकापुर-बरवाडीह रेल लाइन परियोजना को शीघ्र शुरू कराने की मांग की गई है। सामाजिक कार्यकर्ता अभय प्रकाश सिन्हा द्वारा ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि सरगुजा संभाग उत्तर छत्तीसगढ़ का एक आदिवासी बहुल क्षेत्र है, जो लंबे समय से विकास की मुख्यधारा से पूरी तरह नहीं जुड़ पाया है। क्षेत्र के लोगों को गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए रायपुर, बिलासपुर, रांची और अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है। ऐसे में सरगुजा में एम्स की स्थापना क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी राहत साबित होगी। पत्र में उल्लेख किया गया है कि पूर्व में अंबिकापुर के लिए एम्स की स्वीकृति की चर्चा हुई थी, लेकिन यह परियोजना अब तक मूर्त रूप नहीं ले सकी। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि सरगुजा संभाग के लाखों लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए एम्स की स्थापना आवश्यक है। इसके साथ ही अंबिकापुर-बरवाडीह रेल लाइन परियोजना को क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए जल्द शुरू कराने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि इस रेल लाइन के निर्माण से सरगुजा का झारखंड सहित देश के अन्य हिस्सों से सीधा संपर्क मजबूत होगा, जिससे व्यापार, रोजगार और आवागमन की सुविधाओं में वृद्धि होगी। ज्ञापन के माध्यम से प्रधानमंत्री से दोनों मांगों पर विशेष रुचि लेते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया गया है।
मांगकर्ताओं का कहना है कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से सरगुजा संभाग के विकास को नई गति मिलेगी और क्षेत्र के लोगों को लंबे समय से प्रतीक्षित सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी।पीएम को भेजे ज्ञापन में व्यापार संघ सूरजपुर, नगर पंचायत अध्यक्ष बिश्रामपुर, सरपंच केशवनगर सरपंच सतपता ने हस्ताक्षर कर मांगो का समर्थन किया है।

### मार्कण्डेय तिवारी एसजीजीयू के सांसद प्रतिनिधि नियुक्त

**अम्बिकापुर।** सांसद एवं संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय के सदस्य चिंतामणि महाराज ने



विवि के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष मार्कण्डेय तिवारी एवं भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। आदेश के अनुसार मार्कण्डेय तिवारी विश्वविद्यालय से संबंधित गतिविधियों एवं जनहित के विषयों में सांसद प्रतिनिधि की जिम्मेदारियों का निर्वहन करें

### अवैध खनिज परिवहन पर सख्त कार्रवाई बिना अभिवहन पास चूना पत्थर गिट्टी से भरे 3 ट्रेलर जब्त



**सूरजपुर।** जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण करने वालों के विरुद्ध कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के निर्देशानुसार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खनिज अमला द्वारा थाना प्रेमनगर क्षेत्र में खनिज वाहनों की जांच के दौरान बड़ी कार्रवाई की गई। जांच के दौरान तारा मुख्य मार्ग पर खनिज गिट्टी (चूना पत्थर) से भरे 3 ट्रेलर वाहन पाए गए, जो जिला जांजगीर-चांपा स्थित क्रशर से लोड होकर बिना अभिवहन पास के परिवहन करते पाए गए। नियमानुसार वाहन मालिकों के विरुद्ध अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज करते हुए तीनों वाहनों को पुलिस थाना प्रेमनगर के सुरक्षार्थ में रखा गया है। खनिज अमला एवं जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा खनिजों के खनन, परिवहन एवं भण्डारण से प्रभावित क्षेत्रों की निरंतर निगरानी की जा रही है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनिज गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वालों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मनाया पंडित विद्याचरण शुक्ल का शहादत दिवस



**लखनपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लखनपुर द्वारा झीरम घाटी नक्सली हमले में घायल होकर 11 जून को शहीद हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री पंडित विद्याचरण शुक्ल का शहादत दिवस श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों ने पंडित विद्याचरण शुक्ल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके राजनीतिक एवं सामाजिक योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि पंडित विद्याचरण शुक्ल ने अपना संपूर्ण जीवन जनसेवा और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए समर्पित किया। उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। इस अवसर पर विक्रमादित्य सिंह देव, अमित सिंह देव, वीरेन्द्र सिंह देव, रणविजय सिंह, सुजीत गुप्ता, रमेश जायसवाल, इरशाद खान, जगरोपण यादव, भूपेंद्र जायसवाल, रामसूजन द्विवेदी, मकसूद खान, इम्रान खान, दिलसाय, जिया उल खान सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सरगुजा संभाग की आधिकारिक वेबसाइट

# छत्तीसगढ़ का प्रथम संभागीय पोर्टल लॉन्च, संभागायुक्त ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

छत्तीसगढ़ में डिजिटल प्रशासन और नागरिक सेवाओं के क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ गया है। सरगुजा सम्भागायुक्त नरेंद्र कुमार दुग्गा ने शुक्रवार को सरगुजा संभाग की आधिकारिक वेबसाइट division-surguja.cg.gov.in का विधिवत शुभारंभ किया। यह छत्तीसगढ़ राज्य के किसी भी संभाग की पहली आधिकारिक संभागीय वेबसाइट है। जो नागरिकों, पर्यटकों तथा विभिन्न हितधारकों को एकीकृत डिजिटल मंच उपलब्ध कराएगी। वेबसाइट का डिजाइन, डेवलपमेंट एवं तकनीकी सहयोग राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र (एनआईसी) सरगुजा द्वारा प्रदान किया गया है। यह पोर्टल सिक्योर बाई डिजाइन फ्रेमवर्क पर आधारित है तथा इसकी होस्टिंग एनआईसी के नेशनल डाटा सेंटर्स में की गई है। इससे वेबसाइट को ऑटोमेटेड पैच, आसान साइबर सुरक्षा, सुरक्षा ऑडिट जैसी सुविधाएं प्राप्त होंगी। वेबसाइट को पूरी तरह रिस्पॉन्सिव बनाया गया है, जिससे यह मोबाइल, टैबलेट और कंप्यूटर सहित सभी प्रकार के उपकरणों पर सहजता से संचालित होगी। वर्तमान में यह हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है। इस दौरान उपायुक्त आरके खुंटे तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्भाग के समस्त जिलों के कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**खास बात**

- एनआईसी ने किया है डिजाइन



शुभारंभ करते संभागायुक्त।

### नागरिकों और पर्यटकों को मिलेंगे अनेक लाभ

इस पोर्टल के माध्यम से सरगुजा संभाग की प्रशासनिक संरचना, इतिहास, प्रोफाइल, अधिकारियों की संपर्क सूची तथा सभी जिलों की महत्वपूर्ण जानकारियां एक ही मंच पर उपलब्ध होंगी। पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरगुजा संभाग के विभिन्न जिलों के प्रमुख पर्यटन स्थलों, सांस्कृतिक धरोहरों और क्षेत्रीय महोत्सवों की विस्तृत जानकारी भी वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा नागरिक अब पोर्टल के माध्यम से सीधे बी1/पी11, नामांतरण, राजस्व न्यायालय आवेदन तथा डायवर्जन जैसी महत्वपूर्ण ऑनलाइन राजस्व सेवाओं तक पहुंच सकेंगे। पोर्टल पर कार्यालय के नोटिस, निविदाएं, अधिसूचनाएं, परिपत्र और अन्य महत्वपूर्ण घोषणाएं समय-समय पर प्रकाशित की जाएंगी। नागरिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए वेबसाइट में फीडबैक फॉर्म, मीडिया कॉर्नर, फोटो गैलरी और वीडियो गैलरी जैसी सुविधाएं भी जोड़ी गई हैं।

### साबित होगी मील का पत्थर: दुग्गा

शुभारंभ अवसर पर संभागीय आयुक्त नरेंद्र कुमार दुग्गा ने सरगुजा संभाग के सभी जिला कलेक्टरों तथा एनआईसी टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी जिलों द्वारा सक्रिय डाटा साझाकरण तथा एनआईसी की टीम की कड़ी मेहनत के परिणामस्वरूप छत्तीसगढ़ राज्य का पहला संभागीय पोर्टल साकार हो सका है। उन्होंने कहा कि यह वेबसाइट प्रशासन और नागरिकों के बीच संवाद को और अधिक प्रभावी बनाएगी तथा डिजिटल सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी।

## केतकी भूमिगत खदान की क्षमता विस्तार को लेकर हुई जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर/मानीचौक

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की केतकी भूमिगत खदान की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के प्रस्ताव को लेकर शुक्रवार को ग्राम केतका स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में पर्यावरण स्वीकृति के तहत जनसुनवाई आयोजित की गई। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के तत्वावधान में आयोजित इस जनसुनवाई में खदान प्रभावित क्षेत्र के करीब एक दर्जन गांवों के ग्रामीणों ने भाग लेकर अपने सुझाव, अभिमत एवं मांगें रखीं।

जानकारी के अनुसार केतकी भूमिगत खदान वर्तमान में प्रतिवर्ष 0.42 मिलियन टन कोयला उत्पादन कर रही है। खदान की उत्पादन क्षमता बढ़ाकर 0.87 मिलियन टन प्रतिवर्ष किए जाने का प्रस्ताव है। जनसुनवाई के दौरान दर्जन भर गांव के लोगों को जनसुनवाई के लिए आमंत्रित किया गया था जिसमें खदान प्रभावित गांव गेतरा, लाछा, मानी, पोड़ी, जो, केतका, सलका, सपकरा, डेडरी, कुरवां, सालही, ग्रामों में जनसुनवाई की सूचना हेतु मुनादी कराई गई थी जिसमें ग्रामीण, जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने क्षेत्र के समग्र विकास से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उपस्थित लोगों ने शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार, बेहतर सड़क निर्माण, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था तथा स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की मांग रखी। ग्रामीणों ने खदान विस्तार से प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के अधिकारियों ने जनसुनवाई की प्रक्रिया पूरी कर लोगों के सुझाव एवं आपत्तियां दर्ज कीं। अधिकारियों ने बताया कि प्राप्त सुझावों और अभिमतों को पर्यावरणीय स्वीकृति प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर जगन्नाथ वर्मा, एसडीएम सूरजपुर शिवानी जायसवाल, जीएम ऑपरेशन जीके रॉय, उपक्षेत्रीय प्रबंधक (सब एरिया मैनेजर) आरजीके प्रशांत शर्मा, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के रीजनल अधिकारी तथा सीएमपीडीआईएल की टीम उपस्थित रही। पूरी जनसुनवाई शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई। अधिकारियों ने बताया कि क्षमता विस्तार से संबंधित आगे की प्रक्रिया पर्यावरणीय नियमों एवं निर्धारित मानकों के अनुसार पूरी की जाएगी।

- ग्रामीणों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और पेयजल सुविधाओं के विस्तार की उठाई मांग

## तेज आंधी बारिश से उड़ी घरों में लगी सीट, बाल-बाल बचे ग्रामीण

**सेदम।** बतौली क्षेत्र में गुरुवार देर शाम हुई तेज बारिश और आंधी तूफान के कहर से वीरिमकेला में 3 घरों के छज्जे सहित एस्बेस्टस शीट बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए जबकि घर के अंदर रहे परिवार बाल बाल बचे।



फिलहाल अब क्षतिग्रस्त मकान की स्थिति देख किसानों को हुए नुकसान की भरपाई की चिंता सता रही है।बतौली में देर शाम हुए अंधड़ तूफान से वीरिमकेला में ग्रामीणों को ज्यादा नुकसान हुआ जहां बारिश व तेज हवा से अनूकसाय आ. जगत साय, अनुराग तिग्गा आ. स्व. जयललकार तिग्गा, कपिला कुजूर पति स्व. राधेश्वर कुजूर के मकान बुरी तरह क्षतिग्रस हो गए है। जबकि आंधी बारिस के दौरान घर के अंदर रहे परिवार बड़ी दुर्घटना होने से बाल बाल बच गए। अचानक हुई बारिश व तेज हवा से ग्रामीणों को क्षतिग्रस्त घर की मरम्मत की चिंता सताने लगी है। ग्रामीणों को हजारों रुपए के एस्बेस्टस शीट के टूट जाने से आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई है। एक तरफ बिना मानसून पहुंचे हुई नुकसान से घरों के छत उड़ गए जबकि अभी पूरी बरसात बाकी है जिससे गुजर बसर करने फिर से घर को संवारने कड़ी मशक्कत करनी पड़ेगी। ग्रामीणों की आर्थिक नुकसान से चिंतित घर के मरम्मत करने व धान की फसल लगाने को लेकर दोहरी मार झेलने को मजबूर है। अचानक हुए नुकसान से ग्रामीणों पर अतिरिक्त बोझ से निकलने शासन प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

## 4.94 करोड़ से होगा नवीनीकरण, 500 किसानों में खुशी

## 56 साल पुराने कुरीडीह जलाशय को मिलेगी नई जिंदगी, होगी मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के सतत प्रयासों से विकासखंड भैयाथान के कुरीडीह जलाशय योजना के नवीनीकरण कार्य के लिए 4 करोड़ 94 लाख 13 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। लंबे समय से मरम्मत और सुधार की बाट जोह रहे इस जलाशय के नवीनीकरण से क्षेत्र की सिंचाई व्यवस्था मजबूत होगी और सैकड़ों किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

जल संसाधन विभाग द्वारा स्वीकृत इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पूर्ण होने पर 464 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इससे किसानों को समय पर पर्याप्त पानी मिलेगा, फसलों की उत्पादकता बढ़ेगी और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सिंचाई संसाधनों के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि कुरीडीह जलाशय का नवीनीकरण भैयाथान क्षेत्र के किसानों के लिए मील का पत्थर साबित होगा तथा इससे कृषि विकास को नई दिशा मिलेगी। योजना के क्रियान्वयन के लिए जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता, हसदेव गंगा कछार, अंबिकापुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। यह परियोजना न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा देगी बल्कि क्षेत्र के लगभग 500 किसानों की आजीविका को भी मजबूती प्रदान करेगी। ग्रामीण ने कहा कि कुरीडीह जलाशय का निर्माण वर्ष लगभग 1970 में किया गया था। बीते वर्षों में बांध की मेड़ की दो बार मरम्मत की गई, लेकिन जलाशय से पानी छोड़ने के लिए लगा फ्लड गेट लगभग 20 वर्षों से खराब पड़ा था। इसके कारण रवि फसल हेतु जल भराव नहीं हो पाता था जिससे किसानों और ग्रामीणों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीण लगातार जलाशय के नवीनीकरण और फ्लड गेट की मरम्मत की मांग कर रहे थे।



## आश्रय स्थल के संचालन में की जा रही वित्तीय अनियमितता

**अंबिकापुर।** ननि द्वारा संचालित आश्रय स्थल में बड़े पैमाने पर वित्तीय प्रबन्धन में गड़बड़ी की शिकायत की गई है। कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव परवेज आलम गांधी ने इस संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने के साथ ही जांच व कार्रवाई की मांग की है।



उन्होंने बताया कि आश्रय स्थल के संचालन एवं वित्तीय प्रबंधन से संबंधित गंभीर अनियमितताओं की जानकारी सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त दस्तावेजों एवं सूचनाओं से प्राप्त हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि आश्रय स्थल की प्रभारी सिटी मिशन मैनेजर एनयूएलएम श्रीमती निशा सिंह तथा संचालिका श्रीमती ललिता पांडे द्वारा आश्रय स्थल के संचालन में गंभीर अनियमितताएं एवं मनमानी बरती जा रही हैं। आश्रय स्थल के संचालन की मॉनिटरिंग माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा की जाती है इसके बाद भी इनके द्वारा मनमानी की जा रही है। विगत कई वर्षों से आश्रय स्थल से प्राप्त होने वाली आय को शासन द्वारा निर्धारित खाते में नियमित रूप से जमा नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त आश्रय स्थल के संचालन हेतु निर्धारित अवधि समाप्त होने के पश्चात भी बिना विधिवत निविदा (टेंडर) आमंत्रित किए एक ही महिला स्व-सहायता समूह को संचालन का कार्य निरंतर सौंपा गया है। यदि बिना सक्षम स्वीकृति एवं वैधानिक प्रक्रिया के संचालन अवधि बढ़ाई गई है, तो यह गंभीर प्रशासनिक अनियमितता का विषय है। साथ ही, आश्रय स्थल में कार्यरत कर्मचारियों के मासिक मानदेय/वेतन भुगतान संबंधी बैंक विवरण, भुगतान रजिस्टर एवं अन्य वित्तीय अभिलेखों की जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। आश्रय स्थल प्रबंधन समिति की विधिवत बैठक, प्रस्ताव अथवा स्वीकृति के बिना ही संचालन अवधि को एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कलेक्टर से इस मामले की निष्पक्ष व बिंदु वार जांच कराने की मांग की है। इसके साथ ही जांच में वित्तीय गड़बड़ी व नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर आर्थिक क्षति की वसूली और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

- आरटीआई से जानकारी आई सामने, कलेक्टर से शिकायत

## पण्डो समाज की विशाल रैली, भूमि अधिकार वन अधिकार पत्र की मांग लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज




छत्तीसगढ़ पण्डो विशेष पिछड़ी जनजाति समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को रामानुजगंज में विशाल आमसभा एवं रैली का आयोजन किया गया। प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष एवं विशेष पिछड़ी जनजाति समाज के प्रदेश अध्यक्ष उदय कुमार पण्डो के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले सहित विभिन्न क्षेत्रों से हजारों की संख्या में समाज के महिला-पुरुष, युवा एवं ग्रामीण शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत समाज के आराध्य देवों के जयघोष के साथ हुई। आमसभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने पण्डो जनजाति की भूमि एवं वन अधिकारों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। समाज के प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि पण्डो जनजाति की पुश्तैनी काबिज काश्त भूमि, सिंहदेव प्रकरण व्यवस्थापन भूमि तथा सेटलमेंट भूमि पर भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जा एवं फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अशिक्षा और आर्थिक कमजोरी का लाभ उठाकर कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से कई जमीनों का पट्टा अन्य लोगों के नाम करा लिया गया है, जिससे अनेक आदिवासी परिवार अपनी पैतृक भूमि से वंचित हो गए हैं। वक्ताओं ने यह भी कहा कि अनेक पात्र परिवारों को आज तक वन अधिकार पत्र प्राप्त नहीं हो सका है, जबकि वे वर्षों से वनभूमि पर काबिज होकर खेती-किसानी कर रहे हैं। समाजजनों ने आरोप लगाया कि भूमाफियाओं की गतिविधियों के कारण गरीब एवं कमजोर वर्ग के लोगों को लगातार शोषण, प्रताड़ना और अन्याय का सामना करना पड़ रहा है। आमसभा के उपरांत समाज के लोगों ने शांतिपूर्ण रैली निकाली। परंपरागत वाद्य यंत्रों, तीर-धनुष एवं सामाजिक प्रतीकों के साथ निकली यह रैली नगर के प्रमुख चौक-चौराहों से होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंची। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहा। रैली के समापन पर समाज के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए पण्डो जनजाति की भूमि की निष्पक्ष जांच कर मूल हितग्राहियों को वापस दिलाने, फर्जी पट्टों को निरस्त करने, पात्र परिवारों को वन अधिकार पत्र प्रदान करने तथा भूमाफियाओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

## शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**सोनगरा।** शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सूरजपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रवेश के लिए प्रथम चरण की काउंसलिंग 11 से 15 जून तक आयोजित की जा रही है। महाविद्यालय में 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए सिविल, इलेक्ट्रिकल और माइनिंग इंजीनियरिंग शाखाओं में प्रवेश दिया जाएगा। प्रत्येक शाखा में 60-60 सीटें उपलब्ध हैं। इस प्रकार कुल 180 सीटों पर विद्यार्थियों को प्रवेश मिलेगा। 12वीं फिजिक्स, केमिस्ट्री एवं मैथ्स उत्तीर्ण तथा दो वर्षीय आईटीआई पास विद्यार्थी लेटरल एंट्री के माध्यम से सीधे द्वितीय वर्ष में प्रवेश ले सकेंगे। प्रवेश प्रक्रिया के तहत प्रथम चरण की काउंसलिंग 11 से 15 जून, द्वितीय चरण की काउंसलिंग 26 से 30 जून तक होगी। इसके बाद यदि सीटें रिक्त रहती हैं तो 11 से 16 जुलाई तक संस्था स्तर पर काउंसलिंग आयोजित की जाएगी।



## जयनगर में प्राकृतिक खेती अपनाने मिशन अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कृषि को रसायन मुक्त बनाकर मिट्टी की सेहत सुधारने और किसानों की लागत कम करने के उद्देश्य से संचालित राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन खेत बचाओ अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत जयनगर में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आसपास के गांवों के किसानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और प्राकृतिक खेती के लाभों को समझते हुए इसे अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत जयनगर, कुंजनगर, हर्राटिकरा, सतपता एवं शिवनंदनपुर से बड़ी संख्या में किसान भाई-बहन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में किसानों ने खेती की बदलती चुनौतियों और उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं जयनगर समिति अध्यक्ष देवधन राम बिंझिया मौजूद रहे। उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में प्राकृतिक खेती केवल एक विकल्प नहीं बल्कि कृषि और पर्यावरण दोनों को बचाने का सशक्त माध्यम बनती जा रही है। उन्होंने किसानों से रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की। कृषि विभाग के अधिकारियों विनोद कुमार भगत एवं नील कमल मिश्रा ने किसानों को राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन की विभिन्न योजनाओं, उद्देश्यों एवं लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती से न केवल भूमि की उर्वरता बढ़ती है, बल्कि फसल उत्पादन की गुणवत्ता में भी सुधार होता है।

साथ ही किसानों की उत्पादन लागत घटने से उनकी आय में वृद्धि की संभावना भी बढ़ती है। अधिकारियों ने किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, जैविक संसाधनों के संरक्षण, जीवामृत एवं घनजीवामृत जैसे प्राकृतिक कृषि उपायों की जानकारी देते हुए बताया कि लगातार रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित होती है। ऐसे में प्राकृतिक खेती भविष्य की टिकाऊ कृषि व्यवस्था का आधार बन सकती है। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने कई जिज्ञासाएं भी रखीं।

## शिक्षा विभाग का जनसमस्या निवारण शिविर 15 को

**राजपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए विकासखण्ड स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 15 जून को किया जाएगा। यह शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में आयोजित होगा। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी निर्देश के अनुसार शिविर में शिक्षकों, कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों, पालकों, विद्यार्थियों तथा आम नागरिकों से स्कूल शिक्षा विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त किए जाएंगे और उनका नियमानुसार निराकरण किया जाएगा। शिविर में विशेष रूप से पेंशन, ग्रेच्युटी, अवकाश नकदीकरण, जीपीएफ, वेतन निर्धारण, वेतन विसंगति, एरियर भुगतान, सेवा पुस्तिका संधारण, सेवा अभिलेखों में त्रुटि सुधार, अनुकम्पा नियुक्ति, क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान, छात्रवृत्ति, पाठ्यपुस्तकों, गणवेश तथा विद्यालयों की आधारभूत सुविधाओं से जुड़े मामलों पर आवेदन लिए जाएंगे। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ने सभी शासकीय हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल, माध्यमिक एवं प्राथमिक शालाओं के प्रमुखों, संकुल समन्वयकों तथा सेवानिवृत्त शिक्षकों और कर्मचारियों को शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं। विद्यालयों के सूचना पटल पर सूचना चस्पा करने, हितग्राहियों तक जानकारी पहुंचाने तथा अधिक से अधिक पात्र आवेदकों को शिविर में शामिल होने के लिए प्रेरित करने को कहा गया है, ताकि शासन की मंशानुरूप लंबित प्रकरणों का त्वरित और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जा सके।

## उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम को लेकर बैठक



**शंकरगढ़।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत जपं शंकरगढ़ के सभाकक्ष में विकासखंड के समस्त प्राचार्यों, संकुल समन्वयकों एवं ग्राम प्रभारी शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला परियोजना अधिकारी हीरालाल पटवा एवं बीपीओ सीमा सिंहदेव ने सितंबर में आयोजित होने वाली महापरीक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

बैठक में असाक्षर व्यक्तियों की पहचान एवं सर्वेक्षण के लिए सर्वे दलों के गठन संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के महिला एवं पुरुष असाक्षरों का सर्वे कर प्रत्येक 10 असाक्षरों पर एक उल्लास केंद्र निर्धारित किया जाएगा। इन केंद्रों में स्वयंसेवी शिक्षकों द्वारा असाक्षरों को बुनियादी साक्षरता तथा संख्या ज्ञान का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए प्रत्येक संकुल प्राचार्य को एक व्याख्याता की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही बताया कि केंद्रों में शिक्षण कार्य करने वाले स्वयंसेवी शिक्षकों को कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 10 अतिरिक्त बोनस अंक प्रदान किए जाएंगे। अधिकारियों ने इस अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप देने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंचों एवं सरपंचों का सहयोग लेने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि सितंबर माह में महापरीक्षा के सफल आयोजन के बाद विकासखंड शंकरगढ़ तथा राज्य को पूर्ण साक्षर घोषित किए जाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल होगी। बीपीओ सीमा सिंहदेव ने सभी ग्राम प्रभारियों एवं शिक्षकों को समय-सीमा में असाक्षरों का सर्वे पूर्ण करने तथा उन्हें बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में बीआरसी मिखाईल खलखो, मनीजर राम सहित सभी संकुल प्राचार्य, सीएसी एवं ग्राम प्रभारी शिक्षक उपस्थित रहे।



# अल्फा का नया पोस्टर हुआ जारी, आलिया संग नजर आए शरवरी-बॉबी और अनिल

**मुंबई।** फिल्म 'अल्फा' का टीजर रिलीज होने के ठीक एक दिन बाद, आलिया भट्ट ने सोशल मीडिया पर इस फिल्म का एक नया पोस्टर शेयर किया है। इस नए पोस्टर में आलिया के अलावा शरवरी वाघ, बॉबी देओल और अनिल कपूर काफी दमदार लुक में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन शिव रावेल कर रहे हैं। बुधवार को फिल्म का पहला टीजर रिलीज किया गया था। टीजर की शुरुआत में आलिया भट्ट और बॉबी देओल एक साथ खाना खाते हुए दिखते हैं। बॉबी देओल, आलिया को उनके 18वें जन्मदिन की बधाई देते हैं और उन्हें एक कमरे का नंबर लिखा हुआ कार्ड देते हैं। बॉबी कहते हैं कि अब ट्रेनिंग को सच में आजमाने का समय आ गया है। इसके बाद फिल्म के कुछ शानदार एक्शन सीन दिखाए जाते हैं। टीजर से पता चलता है कि बॉबी देओल ने आलिया को एक खतरनाक एजेंट बनने के लिए कई साल तक ट्रेनिंग दी है।

लाइफ Style

# भूमि
## सशस्त्र बलों के प्रति जताया आभार

सिक्किम सीमा के दौरे के बाद बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति अपना गहरा आभार जताया है। इस दौरान भूमि ने सीमा का दौरा किया और साथ ही सैनिकों से बातचीत भी की। भूमि पेडनेकर सिक्किम की तीन दिवसीय यात्रा पर गई थीं। इस दौरान उन्होंने भारत की सीमा का दौरा किया और वहां तैनात सैनिकों से मुलाकात की।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भूमि ने बताया कि वह खुद को हमेशा से एक सच्ची देशभक्त मानती हैं। सीमा पर जाकर उन्हें अहसास हुआ कि हमारे सैनिक देश के लिए कितना बड़ा बलिदान देते हैं। सैनिकों से बात करके वह खुद को उनका कर्जदार महसूस कर रही हैं। भूमि ने बताया कि सीमा पर बेहद ठंड थी, लेकिन वहां का नजारा बहुत खूबसूरत था। भूमि ने उस क्षेत्र के इतिहास को भी समझा और कहा कि देश की सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों पर उन्हें बेहद गर्व है। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा करने वाले सैनिकों के लिए हम आम नागरिक उतना योगदान नहीं दे पाते, जितना हमें देना चाहिए। भूमि ने साल 2015 में फिल्म 'दम लगाके हईशा' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की, जिसमें उनके काम की जमकर तारीफ हुई। इसके बाद उन्होंने टॉयलेट एक प्रेम कथा, शुभ मंगल सावधान, बाला, पति पत्नी और वो, सांड की आंख, बधाई दो और भक्षक जैसी कई बेहतरीन फिल्मों और वेब सीरीज दलदल में काम किया है। अभिनय में आने से पहले भूमि ने यश राज फिल्म्स में लगभग छह साल तक सहायक कास्टिंग डायरेक्टर के रूप में काम किया था। भूमि को आखिरी बार क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज दलदल में देखा गया था, जो 30 जनवरी, 2026 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर सीरीज में भूमि ने मुंबई क्राइम ब्रांच की डीसीपी रीता फरेरा का मुख्य किरदार निभाया है।



हॉलीवुड मसाला



# ऑब्सेशन ने खर्च से 300 गुना से ज्यादा की कमाई

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड में इन दिनों 'ऑब्सेशन' नामक ऐसा तूफान आया है, जिसकी चर्चा बड़े-बड़े फिल्म स्टूडियोज और सुपरस्टार्स के बीच हो रही है। दर्शकों के लिए भले ही यह मनोरंजन है मगर मात्र 6.3 करोड़ रुपए में बनी इस फिल्म ने रिलीज के महज चार सप्ताह में 1,900 करोड़ रुपए की वैश्विक कमाई कर ली है। टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025 में जब 'ऑब्सेशन' को दिखाया गया था, तो किसी ने नहीं सोचा था कि यह इतिहास रच देगी। इस फिल्म ने अब तक के फिल्म फेस्टिवल इतिहास की सबसे बड़ी 'एक्विजिशन' ( फेस्टिवल के दौरान किसी बड़ी कंपनी द्वारा खरीदे जाने के बाद बंपर कमाई करने वाली फिल्म) बनने का गौरव हासिल कर लिया है। इस मामले में इसने दिग्गज डाक्युमेंट्री फिल्म 'फारेनहाइट 9/11' का सालों पुराना रिकार्ड तोड़ दिया है।



# टेलर होंगी सॉन्ग राइटर्स हॉल ऑफ फेम क्लब का हिस्सा

**लॉस एंजिल्स।** पॉप सिंगर टेलर स्विफ्ट के फैंस दुनियाभर में हैं। इस पॉप सिंगर ने हाल ही में एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। गुरुवार को उन्हें प्रतिष्ठित 'सॉन्ग राइटर्स हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया गया। इसके साथ ही सिंगर इस क्लब में शामिल होने वाली सबसे कम उम्र की महिला बन चुकी हैं। सिंगर टेलर स्विफ्ट ने महज 36 साल की उम्र में यह सफलता प्राप्त की है। मशहूर सिंगर और म्यूजिशियन के क्लब 'सॉन्ग राइटर्स हॉल ऑफ फेम' में उनकी एंट्री हो गई है। सबसे खास बात यह है कि वो इस क्लब की सबसे कम उम्र की मेंबर हैं। उन्होंने कैरोल बायर सिंगर का लंबे समय से चला आ रहा रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 1987 में कैरोल हॉल ऑफ फेम का हिस्सा बनीं, उस वक्त उनकी उम्र 43 साल थीं। 'सॉन्गराइटर्स हॉल ऑफ फेम' में सिर्फ मशहूर गायकों और संगीतकारों को शामिल किया जाता है। 1983 में अमेरिकन सिंगर और म्यूजिशियन स्टीवी वंडर इस क्लब का हिस्सा बने थे। तब वह महज 32 साल के थे। क्लब के अब तक के इतिहास में वह सबसे कम उम्र के सेलिब्रिटी हैं। इस क्लब में शामिल होने के लिए हस्तियों की उम्र लगभग 50 साल या उससे ऊपर होनी चाहिए।



# नर्स बनकर कंगना के साहस ने जीता दिल

**मुबई।** कंगना रनौत की फिल्म भाग्य विधाता रिलीज हो गई है। इसमें कंगना ने एक नर्स का किरदार निभाया है। इसके अलावा फिल्म 26/11 हमले पर आधारित है। इस मुद्दे पर वैसे तो कई फिल्में बनी हैं, लेकिन डायरेक्टर मनोज तपाड़िया की फिल्म इसमें एक ऐसा एंगल लेकर आई हैं, जिसके बारे में कम लोग जानते हैं। फिल्म में दिखाया गया है कि जब आतंकवादी उस दौरान एक अस्पताल में घुस गए थे तब क्या हुआ था। इसमें कंगना का किरदार रियल लाइफ नर्स अंजलि कुल्ते पर आधारित है, जिनके साहस और उनके साथ जो नर्स थीं उनकी मदद से उन्होंने 400 लोगों की जिंदगी को बचाया था। कंगना ने अपना किरदार बखूबी निभाया है। उनकी परफॉर्मेंस इतनी क्लीन थी कि नर्स का मरीजों के साथ जो बॉन्ड दिखता है वो काफी साफ और इमोशनली कनेक्ट करता है।




# ग्राम चिकित्सालय सीजन 2 का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** 'ग्राम चिकित्सालय' सीजन 2 का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज किया जा चुका है। 'भठकंडी' नाम के एक काल्पनिक गांव पर बेस्ड यह सीरीज ह्यूमर के जरिए देश के गांवों में स्वास्थ्य सेवा की कड़वी सच्चाइयों को सामने लाने की कोशिश करती दिख रही है। इस ट्रेलर में अमोल पाराशर एक बार फिर डॉक्टर के किरदार में गांव के ढर्रों से जूझते दिख रहे हैं। वह चाहते हैं कि भठकंडी के हेल्थ सेंटर को किसी तरह से बचाया जा सके और इसी के साथ वो एक आदर्श पीएचसी का खिताब भी पाना चाहते हैं। डॉक्टर प्रभात गांववालों को चिकित्सालय बुलाने के लिए नई-नई तरकीब लगानेवाले हैं, लेकिन अब देखना ये है कि वे कितना सफल होते हैं। हालांकि, ये सब इतना आसान नहीं। इस ट्रेलर की शुरुआत डॉक्टर के सामने ऐसे पेशेंट से होती है, जिसे सुनकर शायद किसी को भी उल्टी आ जाए।

टीवी मसाला



# दिव्यांका ने दिखाई जुड़वां बेटों की झलक, कहा शुक्रिया

**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी ने आखिरकार अपने जुड़वां बेटों की पहली झलक शेयर की है और फैंस इन प्यारी तस्वीरों को बार-बार देख रहे हैं। एक्ट्रेस ने 25 मई को अपने पति विवेक दहिया के साथ अपने बेटों का स्वागत किया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर प्यारी तस्वीरें पोस्ट करके अपने फॉलोअर्स को एक मां के तौर पर अपनी नई जिंदगी की एक प्यारी सी झलक दिखाई है। इन तस्वीरों में मां बनने के शुरुआती दिनों के कुछ सबसे खास पल कैद हैं। तस्वीरों में दिव्यांका त्रिपाठी अपने नवजात बेटों को गले लगाए और उन्हें प्यार से चूमती हुई नजर आ रही हैं। ये तस्वीरें उस खुशी और प्यार को दिखाती हैं जो जुड़वां बच्चों के आने के बाद से ही इस कपल के घर में भर गया है। तस्वीरों के साथ दिव्यांका ने एक सादा लेकिन दिल को छू लेने वाला मैसेज भी शेयर किया। उन्हें मां बनाने के लिए अपने बेटों का शुक्रिया अदा करते हुए उन्होंने लिखा, 'मुझे चुनने के लिए धन्यवाद'। उनके इस दिल से निकले मैसेज ने तुरंत ही फैंस का दिल जीत लिया और कई लोगों ने कमेंट सेक्शन में परिवार के लिए प्यार और दुआओं की बौछार कर दी। 'ये है मोहब्बतें' में इशिता भल्ला के किरदार से घर-घर में मशहूर हुईं इस एक्ट्रेस को फैंस अक्सर प्यार से 'इशी मां' कहकर बुलाते हैं। अब वह असल जिंदगी में भी मां बन गई हैं, और उनके कई फॉलोअर्स उन्हें इस नए रोल में देखकर बहुत खुश हैं।

## 'टीवी शो और फिल्मों में आए थे नजर'

**नई दिल्ली।** 90 के दशक में कई चर्चित हिंदी फिल्मों और टीवी शोज में अभिनेता दिनयार तीरंदाज नजर आए थे। यह कलाकार अब हमारे बीच नहीं हैं। इनके निधन की खबर से फिल्म जगत के कलाकारों और प्रशसंकों के बीच शोक लहर दौड़ पड़ी है। इस दिग्गज अभिनेता के निधन की जानकारी पारसी जोरोस्ट्रियन फेसबुक पेज के जरिए साझा की गई है। दिनयार तीरंदाज कई दशकों तक मनोरंजन जगत में सक्रिय रहे। उन्होंने 1984 में रिलीज हुई फिल्म दुनिया से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी।



नुक्कड़ और ब्योमकेश बख्शी जैसे हिट टेलीविजन शो में काम किया था। टेलीविजन के अलावा यह दिग्गज अभिनेता कई बॉलीवुड फिल्मों में दिखाई दिए। हैलो ब्रदर, अलबेला, चलते-चलते, मैंने प्यार क्यों किया, क्या कहना, दिल है के मानता नहीं और कमाल धमाल मालामाल जैसी फिल्मों में दिनयार तीरंदाज ने अभिनय किया था।

# 50 साल बाद चितचोर के कलाकारों का मिलन

**नई दिल्ली।** साल 1976 में आई फिल्म 'चितचोर' ने दर्शकों को काफी ज्यादा प्रभावित किया था। इसके लगभग पांच दशक बाद अब इस फिल्म के एक्टर्स जरीना वहाब और मास्टर राजू फिर से साथ देखकर फैंस की खुसी का ठिकाना नहीं है। जरीना वहाब ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर की है जोकि फैंस को काफी ज्यादा आकर्षित कर रही है। तस्वीर में वह मास्टर राजू के साथ मुस्कुराते हुए पोज देती दिख रही हैं। तस्वीर सामने आते ही फैंस को फिर से चर्चित फिल्म 'चितचोर' की याद आ गई। वहाब के प्यार भरे सोशल मीडिया पोस्ट से फैंस को दिखा दिया कि कुछ ऑन-स्क्रीन रिश्ते फिल्म खत्म होने के बाद भी बने रहते हैं।



### क्या है चितचोर की कहानी?

चितचोर का निर्देशन बासु चटर्जी ने किया था। यह सुबोध घोष की बंगाली कहानी चित्तचोर पर आधारित थी। फिल्म में विजयेंद्र घाटगे, अमोल पालेकर, ए.के. हंगल, दीना पाठक, रितु कमल, शैल चतुर्वेदी और सी.एस. दुबे जैसे कलाकार शामिल थे। फिल्म की कहानी एक पिता पर केंद्रित है, जो गलती से गलत दूल्हे को घर ले आता है। इसी दौरान लड़की और उस युवक के बीच प्यार पनपने लगता है। बाद में एक पत्र आने के बाद कहानी में बड़ा मोड़ आता है और कई भावनात्मक घटनाएं सामने आती हैं। मास्टर राजू का असली नाम राजू श्रेष्ठ है। उन्होंने बहुत छोटी उम्र में फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया था। अमर प्रेम, बावर्ची, परिचय, दाग, अभिमान, दीवार, चितचोर, किताब और खट्टा मीठा उनकी कुछ यादगार फिल्में हैं।

# इस हफ्ते बॉक्स ऑफिस पर होगा बड़ा क्लैश आमने-सामने होंगे बॉबी और सामंथा

**नई दिल्ली।** जून के तीसरे हफ्ते कई शानदार फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इसमें आपको एक्शन से लेकर रोमांस, थ्रिल और कॉमेडी का पूरा डोज मिलेगा। इस लिस्ट में कुछ फिल्में ऐसी हैं, जिनका फैंस महीनों से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। साउथ फिल्मों के चाहने वालों के लिए ये हफ्ता बेहद खास होने वाला है। एक तरफ जहां इस हफ्ते सिनेमाघरों में एक से बढ़कर एक फिल्मों की बाढ़ आई है। वहीं, दूसरी तरफ साउथ की फिल्में इस हफ्ते बवाल काटने के लिए तैयार है। जून के तीसरे हफ्ते कई शानदार फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इसमें आपको एक्शन से लेकर रोमांस, थ्रिल और कॉमेडी का पूरा डोज मिलेगा। इस लिस्ट में कुछ फिल्में ऐसी हैं, जिनका फैंस महीनों से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। तो चलिए बताते हैं कौन-कौन सी फिल्में रिलीज होने वाली हैं।



### बालनः द बॉय

बालनः द बॉय एक ऐसे लड़के की कहानी है जो उथल-पुथल भरे बचपन से जूझ रहा है और अपनी मां के रहस्यमय ढंग से लापता होने के बाद समाधान की तलाश में बेताब है। कलाकार- चंदू सलीम कुमार, गणपति, टोविनो थॉमस, निर्देशक चिदंबरम, शैली किशोरावस्था से वयस्कता में परिवर्तन की कहानी, भाषा मलयालम, रिलीज की तारीखः 19 जून।

### मां इंटी बंगारम

मां इंटी बंगारम एक ऐसी महिला की कहानी है, जो दो साल बाद अपने पति के परिवार से मिलने जाती है, बिना उनका आशीर्वाद लिए। एक आदर्श गृहिणी बनने की कोशिश में उसका अतीत उसके दरवाजे पर दस्तक देता है। फिर जो होता है वो इस फिल्म को और भी दिलचस्प बनाता है। कलाकार-सामंथा रुथ प्रभु , गुलशन देवैया, दिगंत मनचले, गौतमी तडिमल्ला, श्रीमुखी, मंजूषा, श्रीनिवास गविरेड्डी, निर्देशक बी.वी. नंदिनी रेड्डी, शैली एक्शन कॉमेडी, भाषा तेलुगु, रिलीज की तारीखः 19 जून।

### जना नायकन


जून में थलपित विजय की धमाकेदार फिल्म 'जना नायकन' को लेकर दर्शकोंके बीच काफी क्रेज बना हुआ है। ये फिल्म विजय के 52वें जन्मदिन के सप्ताह में सिनेमाघरों में रिलीज होने की उम्मीद है। हालांकि, इसे लेकर ऑफिशियल ऐलान नहीं किया गया है लेकिन ये टिकट बुकिंग ऐप्स पर नोटिफाई हो चुकी है। कहानी थलपति वेत्री कोंडन के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी दत्तक पुत्री विजी को एक सशक्त और साहसी सेना अधिकारी बनाना चाहते हैं।

## जिंदगी तो बेवफा है, एक दिन ठुकराएगी... आज भी सुनकर रो पड़ते हैं लोग

# रफी ने अमिताभ के मरने वाले सीन पर फ्री में गाई थीं सिर्फ ये 4 लाइनें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमिताभ बच्चन की फिल्म का एक गाना ऐसा है, जिसमें मोहम्मद रफी ने सिर्फ चार लाइन गईं थीं। वो भी एक फूटी कौड़ी लिए। इस गाने को सुनकर आज भी लोग रो पड़ते हैं। आज भी इस गाने को बेहद पसंद किया जाता है। बॉलीवुड के लेजेंड्री सिंगर मोहम्मद रफी की आवाज का जादू आज भी लोगों के सिर पर चढ़कर बोलता है। उनके गानों को हर उम्र के लोग सुनना पसंद करते हैं। मौका कोई भी दर्द का खुशी का या फिर रोमांस का रफी के गाने हर मूड के लिए परफेक्ट हैं। लेकिन, अमिताभ बच्चन की फिल्म का एक गाना ऐसा है, जिसमें मोहम्मद रफी ने सिर्फ चार लाइन गईं थीं। वो भी एक फूटी कौड़ी लिए। इस गाने को सुनकर आज भी लोग रो पड़ते हैं।



### क्लाइमेक्स सीन ने हर, किसी को रुला दिया था

इस पर मोहम्मद रफी ने आनंद जी बात रखी और चार लाइनें गाने के लिए तैयार हो गए। ये गाना था 'जिंदगी तो बेवफा है, एक दिन ठुकराएगी / मौत महबूबा है, अपने साथ लेकर जाएगी...'। इस लाइन को गाने के लिए रफी ने कल्याणजी-आनंदजी ने एक पैसा नहीं लिया और अपने बिजी शेड्यूल के बावजूद इसे फ्री में गाया। रफी की इस बात कल्याणजी-आनंदजी ऐसे कायल हुए कि कहा ये सिर्फ वो ही कर सकते हैं। इस गाने ने रिलीज के बाद हर किसी को रुला दिया और आज भी इसे सुनकर आंखें भर आती हैं।

### 1978 में रिलीज हुई थी 'मुकद्दर का सिकंदर'

हम बात कर रहे हैं अमिताभ बच्चन की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'मुकद्दर का सिकंदर' की जो साल 1978 में रिलीज हुई थी। 'मुकद्दर का सिकंदर' अमिताभ के कॅरियर की सफल फिल्मों में गिनी जाती है। इस फिल्म में का म्यूजिक कल्याणजी-आनंदजी ने तैयार किया था। वहीं, इसके निर्देशक प्रकाश मेहरा का मानना था। इसके गीत अनजान ने लिखे। इस फिल्म के सारे गाने किशोर कुमार ने गाए थे। इस मूवी के क्लाइमेक्स सीन ने हर किसी को रुला दिया था। क्लाइमेक्स को और भी असरदार बनाने में रफी का बहुत बड़ा रोल था।

### आनंदजी चाहते थे रफी गाएं

दरअसल, हम पहले ही बता चुके हैं कि 'मुकद्दर का सिकंदर' के सारे गानों को किशोर कुमार ने गाया। इसमें फिल्म का टाइटल ट्रैक 'वो मुकद्दर का सिकंदर', 'ओ साथी रे' शामिल है। इस फिल्म के क्लाइमेक्स सीन, जिसमें अमिताभ बच्चन की मौत होती है, उसके लिए कल्याणजी-आनंदजी को सिर्फ चार लाइने चाहिए थे, जिसे वो किशोर कुमार से नहीं बल्कि, मोहम्मद रफी गाएं। आनंदजी जो दर्द चाहते थे इस गाने में उन्हें यकीन था के सिर्फ रफी ही दे सकते हैं।

### किशोर से क्यों नहीं गवा लेते

कल्याणजी-आनंदजी को लेकिन ये बात खाए जा रही थी कि वो मोहम्मद रफी से सिर्फ चार लाइन गाने के लिए कैसे कहें। क्योंकि, उनकी फिल्म के सारे गाने किशोर कुमार गा रहे थे। हुआ भी कुछ ऐसा ही। हिम्मत करके आनंदजी ने रफी को कॉल करके अपनी बात बताई कि वो चाहते हैं कि आप उनकी फिल्म के लिए सिर्फ चार लाइनें गा दें। रफी ने कहा कि क्यों, किशोर से क्यों नहीं गवा लेते, वो तो सारे गाने गा रहे हैं। इस पर आनंद जी ने कहा कि नहीं, जो दर्द और फील हम उस लाइन में चाहते है वो आप ही दे सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारी सम्मानित

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** जिले में आयोजित जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने के लिए नगर पंचायत बरमकेला के चार्ज अधिकारी दीपक विश्वकर्मा के मार्गदर्शन एवं मास्टर ट्रेनर फील्ड ट्रेनर नंदकिशोर पटेल सहित पर्यवेक्षक मोहन प्रधान तथा प्रगणक तरुण पटेल को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ पद्मिनी भोई साहू द्वारा प्रदान किया गया।

### वशिष्ठ कम्युनिटी हॉल का 80 लाख में होगा जीर्णोद्धार

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की घोषणा पर अमल करते हुए जशपुर नगरवासियों को एक बड़ी सौगात मिली है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नगर पालिका परिषद जशपुरनगर के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में अधोसंरचना मद से 80 लाख रुपये की तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गई है।इस स्वीकृति के तहत वशिष्ठ कम्युनिटी हॉल, जशपुरनगर के जीर्णोद्धार कार्य के लिए 80 लाख रुपये की राशि मंजूर की गई है। लंबे समय से हॉल के उन्नयन की मांग की जा रही थी, जिसे मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने गंभीरता से लेते हुए अपनी घोषणा के अनुरूप स्वीकृति दी है।इस कार्य के पूर्ण होने से सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा नगरवासियों को आधुनिक एवं सुसज्जित कम्युनिटी हॉल का लाभ मिलेगा।

## पृष्ठ 1 का शेष

### अब सिर्फ सजा ...

आपराधिक कानून न्याय व्यवस्था में बड़ा बदलाव लेकर आए हैं। पहले कानूनों का फोकस अपराधियों को दंडित करने पर था, जबकि नए कानून पीड़ित-केंद्रित न्याय व्यवस्था पर आधारित हैं। इनमें तकनीक के उपयोग, समयबद्ध विवेचना और पारदर्शिता को विशेष महत्व दिया गया है। उन्होंने विवेचकों को निर्देश दिए कि अनुसंधान संबंधी दस्तावेजों और केस डायरी की गोपनीयता बनाए रखने के लिए उन्हें न्यायालय में हमेशा सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत किया जाए।

### आईजी ने दिए ...

निर्माण संबंधी विषयों के बारे में विशेष रूचि लेते हुए कार्य सिखने की जरूरत है। इसके अतिरिक्त उन्होने कहा कि प्रशिक्षण अवधि में अनुसाशन, समयपालन, वर्दी की मर्यादा, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों का पालन के साथ-साथ अपने कर्तव्यनिष्ठा का विशेष ध्यान रखते हुए अपने दायित्वों का निवर्हन करें। अंत में उन्होने कहा कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य एक ऐसा सक्षम अधिकारी बनना जो कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, विवेचना एवं जनसेवा के क्षेत्र में प्रभावी भूमिका निभा सके।

### आत्मानंद स्कूल ...

इस स्वच्छता अभियान में ग्राम पंचायत नारायणपुर के जनप्रतिनिधियों, विद्यालय स्टाफ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों तथा ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वच्छता अभियान के दौरान प्राचार्य ए. तिग्गा स्वयं पूरे समय उपस्थित रहीं और साफ-सफाई कार्यों में साथ देती रहीं। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत नारायणपुर के सरपंच श्रीमती मुक्तिलता प्रधान, उपसरपंच नवरतन बंग,शिक्षक इकबाल खान,उत्तम यादव,हेमंत प्रजापति, नोवेल तिग्गा,सचिव जगरन्नाथ जाय सवाल,पंचायत प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, स्थानीय ग्रामीण एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं सक्रिय रूप से शामिल रहे। सभी ने एकजुट होकर स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने का संदेश दिया।

---

### बदलते भारत की तस्वीर लेकर जनता के बीच पहुंचे सांसद

# भारत विश्व मंच पर नई पहचान के साथ आगे बढ़ रहा: राठिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे ₹बढ़ता भारत, बदलता भारत₹ जनसंपर्क अभियान के तहत रायगढ़ लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने जशपुर जिले का दो दिवसीय व्यापक प्रवास कर केंद्र सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाया।

**खास बात**

- जिले में दो दिवसीय प्रवास के दौरान हुए दर्जनों कार्यक्रम
- गांव-गांव पहुंचाया मोदी सरकार के 12 वर्षों का रिपोर्ट कार्ड

12 एवं 13 जून को सांसद राठिया ने कोरना-दुलदुला, सोनक्यारी, तोरा-सन्ना, सुलेसा-पंडरापाठ, बगीचा एवं जशपुर सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित जनसंपर्क, संवाद, चौपाल एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों में भाग लिया। इस दौरान जशपुर विधायक रायमुनी भगत भी उनके साथ उपस्थित रहीं। कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए सांसद राठिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, राष्ट्रीय सुरक्षा, आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति, महिला सशक्तिकरण और गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व मंच पर नई पहचान के साथ आगे बढ़ रहा है और विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेज़ी से कदम बढ़ा रहा है। सांसद राधेश्याम राठिया का यह प्रवास न केवल केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बना, बल्कि विकसित भारत के संकल्प को लेकर जनता के बीच व्यापक जनजागरण का भी सशक्त अभियान साबित हुआ।



#### देश में विकास और विश्वास का नया वातावरण निर्मित

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत अभियान जैसी योजनाएं करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लेकर आई हैं। यही कारण है कि आज देश में विकास और विश्वास का नया वातावरण निर्मित हुआ है।

#### गरीब कल्याण के प्रति समर्पण के प्रतीक

विधायक रायमुनी भगत ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के प्रति समर्पण के प्रतीक हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं से गांव, गरीब, किसान, महिला और युवा वर्ग को अभूतपूर्व लाभ मिला है, जिससे देश के विकास को नई गति प्राप्त हुई है।

#### जनता तक पहुंचाई गई योजनाएं

दो दिवसीय प्रवास के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में भाजपा के जिला एवं मंडल पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे। अभियान के माध्यम से केंद्र सरकार की उपलब्धियों, विकसित भारत के संकल्प तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी व्यापक स्तर पर जनता तक पहुंचाई गई।

#### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रमों में जिला भाजपा महामंत्री मुकेश शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, नगर पालिका उपाध्यक्ष यशप्रताप सिंह जूदेव, जनपद अध्यक्ष गंगा भगत, श्रीमती शांति भगत, संतोष सिंह, राजकपूर भगत, गेंदबिहारी सिंह, विजय शर्मा, पिंकी गुप्ता सहित जिला भाजपा के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

---



## मनोरा में रसोईयों को दिया गया प्रशिक्षण

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के शालेय स्वच्छता के संदर्भ में दिए गए निर्देश के परिपालन में विकासखंड मनोरा में प्रधानमंत्री पोषण आहार योजना (मध्याह्न भोजन) में कार्यरत रसोईयों को 1 दिवसीय प्रशिक्षण पीएम श्री सेजेस मनोरा के सभाकक्ष में 12 जून शुक्रवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी तरुण कुमार पटेल द्वारा दिया गया। चूंकि मध्यान्ह भोजन संचालन में बच्चों को पौष्टिक एवं सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराने में रसोइया की भूमिका सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होती है।

प्रशिक्षण सह बैठक में निर्धारित मीनू की जानकारी रखना एवं मीनू के अनुसार भोजन तैयार करने, रसोइया के ड्यूटी एवं भोजन प्रदाय हेतु समय निर्धारण, भोजन की शुद्धता, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं सुरक्षा के मानक, रसोई कक्ष एवं बर्तनों की सफाई, भोजन पूर्व हाथ धुलाई के चरण, भोजन कराते समय अनुशासन बनाये रखने जैसे-पंक्तिबद्ध बैठाकर भोजन करना,भोजन परोसने के पूर्व भोजन को सुविधानुसार गणमान्य जनप्रतिनिधियों,शाला समिति के सदस्य या प्रभारी शिक्षक को चखाकर, चखना पंजी के नियमित संधारण, गैस एवं आग से सुरक्षा संबंधी इत्यादि बातों की जानकारी प्रदान कर नियमानुसार कड़ाई से पालन करने हेतु मार्गदर्शन दिया गया ताकि नये सत्र में व्यवस्थित ढंग से प्रधानमंत्री पोषण आहार योजना का लाभ सभी लाभार्थियों को सुव्यवस्थित मिल सके। प्रशिक्षण में ए. बी. ओ. जगतपाल राम, मध्यान्ह भोजन प्रभारी एवं विकासखण्ड के प्राथमिक-माध्यमिक शालाओं के कार्यरत रसोईयों की उपस्थिति रही।

---

## दो साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

### साथियों को मिल चुकी है 10 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



हत्या के प्रयास के मामले में लगभग दो वर्ष से फरार चल रहे आरोपी संदीप सिंह उर्फ सन्नी सरदार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था और अपने अन्य साथियों को सजा मिलने के बाद लगातार ठिकाने बदलकर फरारी काट रहा था। कोतवाली पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार आरोपी संदीप सिंह उर्फ सन्नी सरदार पिता गुरदीप सिंह, मूल निवासी जिला अमृतसर तथा वर्तमान में रेलवे कॉलोनी रायगढ़ में रह रहा था। उसके खिलाफ हत्या के प्रयास सहित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज था। फरार रहने के कारण पुलिस ने उसके विरुद्ध पहले ही फरारी में चालान पेश कर दिया था। यह मामला 7 दिसंबर 2024 की रात का है। साहिल ठाकुर अपने दोस्तों अनुज गुप्ता, आकिब खान और संगम देहरी के साथ पोस्ट ऑफिस के पीछे स्थित जिम के सामने आग ताप रहा था। इसी दौरान स्विफ्ट डिजायर कार में सवार जसदेव सिंह उर्फ जस्सू, संदीप सिंह उर्फ सन्नी सरदार, सोनी पाण्डेय, राज कर्क, अर्जुन पटेल, राजवीर सरदार तथा उनके अन्य साथी वहां पहुंचे। जिसके बाद सभी ने मिलकर साहिल ठाकुर के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और उसके बाद लोहे की रॉड, डंडों और अन्य हथियारों से उस पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में साहिल ठाकुर के सिर, चेहरे, जबड़े, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आईं। मारपीट इतनी बेरहमी से की गई कि उसका दांत टूट गया और जबड़ा भी क्षतिग्रस्त हो गया।

---

## शीघ्र ही नए स्वरूप में नजर आएगा रायगढ़ रेलवे स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

#### कलेक्टर ने रेलवे अधिकारियों के साथ किया सौंदर्यीकरण व उन्नयन कार्यों का निरीक्षण



कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने रेलवे अधिकारियों, नगर निगम आयुक्त तथा रायगढ़ एसडीएम के साथ रेलवे स्टेशन में चल रहे सौंदर्यीकरण व उन्नयन कार्यो का निरीक्षण किया। आने वाले दिनों में रायगढ़ रेलवे स्टेशन पूरी तरह नए और आकर्षक स्वरूप में नजर आएगा। इस दौरान रेलवे अधिकारियों को सभी निर्माण एवं विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से जुलाई माह के अंत तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्टेशन भवन, मुख्य प्रवेश द्वार, पार्किंग क्षेत्र, प्रतीक्षालय, सड़क संपर्क मार्ग, जल निकासी व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था एवं यात्रियों के लिए विकसित की जा रही अन्य सुविधाओं का अवलोकन किया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि रायगढ़ रेलवे स्टेशन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के प्रमुख और व्यस्त रेलवे स्टेशनों में से एक है। बिहार, झारखंड, ओडिशा तथा पश्चिम बंगाल से छत्तीसगढ़ आने वाले यात्रियों के लिए यह महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार की भूमिका निभाता है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों की आवाजाही को देखते हुए भारत सरकार द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशन का कायाकल्प किया जा रहा हैए जिससे यात्रियों को आधुनिक, सुरक्षित एवं सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्राप्त हो सके। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने रेलवे अधिकारियों को सभी निर्माण एवं विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से जुलाई माह के अंत तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार को आधुनिक वास्तुशिल्प के अनुरूप नया स्वरूप दिया जा रहा है। स्टेशन परिसर में व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था विकसित की जा रही है, जिसमें विभिन्न श्रेणियों के वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थल बनाए जा रहे हैं। इसके साथ ही बुकिंग कार्यालय का उन्नयन, प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी यात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त वेटिंग हॉलए बेहतर बैठने की व्यवस्था तथा स्वच्छ एवं सुविधाजनक यात्री सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या को ध्यान में रखते हुए प्रभावी जल निकासी व्यवस्था भी विकसित की जा रही है। मुख्य सड़क से रेलवे स्टेशन तक पहुंच मार्ग को बेहतर बनाया जा रहा है ताकि यात्रियों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। स्टेशन परिसर में आकर्षक साज-सज्जा, हरित विकास, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था तथा सौंदर्यीकरण के विभिन्न कार्य भी तेजी से किए जा रहे हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि रायगढ़ एवं बेलपहाड़ रेलवे स्टेशनों के विकास एवं उन्नयन कार्यों के लिए कुल 12 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि से दोनों स्टेशनों में यात्रियों की सुविधाओं के विस्तार तथा आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए विभिन्न विकास कार्य संचालित किए जा रहे हैं। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि जिले में आने वाले यात्रियों की पहली छाप रेलवे स्टेशन से ही बनती है। इसलिए स्टेशन का विकास केवल अधोसंरचना उन्नयन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जिले की पहचान, छवि और यात्री सुविधाओं से भी जुड़ा हुआ विषय है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों और रेलवे अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। रेलवे स्टेशन में चल रहे विकास कार्यों के पूर्ण होने के बाद रायगढ़ रेलवे स्टेशन न केवल अधिक आकर्षक और आधुनिक दिखाई देगाए बल्कि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। इससे जिले की पहचान को नई मजबूती मिलने के साथ.साथ यात्रियों को भी सुविधाजनक एवं सुगम यात्रा अनुभव प्राप्त होगा।

---

## नए शिक्षा सत्र की तैयारियों को अंतिम रूप देने जुटे प्रधान पाठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

#### प्रवेश उत्सव और एफएलएन पर बनी रणनीति



जिला प्रशासन के निर्देश पर नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 के सफल संचालनए शाला खुलने की पूर्व तैयारियोंए प्रवेश उत्सव के प्रभावी आयोजन तथा विद्यार्थियों में आधारभूत अधिगम दक्षताओं के विकास को लेकर विकासखंड शिक्षा कार्यालय रायगढ़ द्वारा प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के प्रधान पाठकों की दो दिवसीय बैठक का आयोजन 11 एवं 12 जून को साधुराम विद्या मंदिर, जोरापाली में किया गया। बैठक में विकासखंड की सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के प्रधान पाठकों ने भाग लेते हुए आगामी शिक्षा सत्र की तैयारियों एवं विभागीय प्राथमिकताओं पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। बैठक में विद्यालयों के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों ने पेयजल उपलब्धताए किचन शेड की स्थितिए विद्युत व्यवस्था, विद्यालय परिसर की साफ.सफाई, वृक्षारोपण, पाठ्यपुस्तक वितरणए विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्थाए खेल सामग्री की उपलब्धता तथा शिक्षण.अधिगम सामग्री टीएलएम की तैयारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। बैठक में प्रवेश उत्सव को जनभागीदारी का अभियान बनाने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि नवप्रवेशी विद्यार्थियों का विद्यालयों में उत्साहपूर्ण स्वागत किया जाए तथा पालकों, जनप्रतिनिधियोंए विद्यालय प्रबंधन समितियों और समुदाय की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए। साथ ही न्योता भोज कार्यक्रम के माध्यम से समुदाय और विद्यालय के बीच मजबूत संबंध स्थापित करने तथा बच्चों के प्रति सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण तैयार करने पर भी विस्तार से चर्चा की गई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप एफएलएन फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए विशेष कार्ययोजना प्रस्तुत की गई। अधिकारियों ने बताया कि कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों में भाषा, पठन, लेखन एवं गणितीय दक्षताओं का विकास विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

---

## कर्मचारियों ने की लंबित मांगों पर कार्यवाही की मांग




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन द्वारा चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी ढोल बजाओ, प्रबंधन जगाओ अभियान के तहत रायगढ़ क्षेत्र में कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए मुख्य अभियंता कार्यालय तक पैदल रैली निकाली। ढोल-नगाड़ों के साथ पहुंचे कर्मचारियों ने विद्युत कंपनी के अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह के नाम मुख्य अभियंता मनीष तनेजा को ज्ञापन सौंपकर कर्मचारियों की लंबित मांगों पर शीघ्र निर्णय लेने की मांग की।

ज्ञापन में पुरानी पेंशन योजना की बहाली संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण, ठेका प्रथा समाप्त करना, प्रीमियम रहित कैशलेस चिकित्सा सुविधा, रिक्त पदों पर नियमित भर्ती, वेज रिवीजन कमेटी का गठन, समयाधीन पदोन्नति तथा तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों के लिए करियर प्रोग्रेशन योजना लागू करने जैसी प्रमुख मांगें शामिल थीं। अभियान में रायगढ़ सहित कोरबा, अंबिकापुर, बिलासपुर, जांजगीर एवं रायपुर से पहुंचे पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। इस दौरान संगठन के प्रांताध्यक्ष अनिल द्विवेदी ने कहा कि कर्मचारियों की मांगों को लेकर लगातार आश्वासन दिए गए, लेकिन आज तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रबंधन कर्मचारियों के साथ वादाखिलाफी कर रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कर्मचारियों का धैर्य अब जवाब दे रहा है और यदि शीघ्र न्याय नहीं मिला तो यह आक्रोश बड़े आंदोलन का रूप लेगा।




---

### महिला बुनकरों के सशक्तिकरण पर दिया जोर

## कलेक्टर ने हथकरघा कला का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया



पारंपरिक, हथकरघा कला के संरक्षण पर जोर देते हुए सारंगढ़ बिलाईगढ़ कलेक्टर पदमिनी भोई साहू ने शुक्रवार को सरिया तहसील के ग्राम पंचधार पहुंचीं। यहां छत्तीसगढ़ शासन के सम्मान से सम्मानित अरुण मेहर के बुनकारी कला का निरीक्षण किया तथा यहां संचालित हथकरघा गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने अरुण मेहर सहित अन्य बुनकरों से चर्चा कर उनके कार्यों, उत्पादन प्रक्रिया एवं व्यापार संबंधी गतिविधियों की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर को बताया गया कि संस्था द्वारा उड़िया साड़ियों का निर्माण किया जाता है। जो अपनी विशिष्ट डिजाइन, बुनाई कला एवं सांस्कृतिक पहचान के लिए जानी जाती है। कलेक्टर ने बुनकरों द्वारा तैयार किया जा रहे उत्पादों की गुणवत्ता की सराहना करते हुए कहा कि यह क्षेत्र उड़ीसा बॉर्डर में होने के कारण यहां छत्तीसगढ़ उड़ीसा के बीच उड़िया साड़ी की मांग है तथा हस्तशिल्प एवं हथकरघा कला जिले की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने हथकरघा उद्योग को बढ़ावा देते हुए कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए योजना सफलतापूर्वक संपन्न हो रहा है तथा महिला बुनकरों के सशक्तिकरण की ओर एक सशक्त कदम बताया। अरुण मेहर के द्वारा क्षेत्र में बढ़ाए गए कदम से उम्मीद है आने वाले दिनों में इसका लाभ पूरे अंचल को प्राप्त होगा।

